


नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025


# शासकीय शिक्षक चला रहे कोचिंग एवं प्राइवेट स्कूल

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिले की शिक्षा प्रणाली में व्याप्त समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में सरकारी शिक्षकों द्वारा अवैध रूप से कोचिंग चलाई जा रही है, तो वहीं शिक्षा विभाग से जुड़े होने के कारण उनके द्वारा मानको को पूरा न करते हुए प्राईवेट स्कूल संचालित किए जा रहे है। ऐसे ही स्कूलों पर कार्रवाई करने और जिले के स्कूलो की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं को बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपते हुए बताया गया कि जिले में शिक्षा से जुड़ी अनेक समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। जो विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इन समस्याओं के समाधान के बिना शिक्षा व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है।



बुधवार को सौंपा गए ज्ञापन में मुख्य रूप से छात्रावासों की स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि कई छात्रावासों में अधीक्षक वर्षों से समयसीमा पूरी करने के बाद भी पद पर जमे हुए हैं। कुछ छात्रावास राजनीति के अड्डे बन चुके हैं। एबीवीपी ने मांग की कि अधीक्षकों की योग्यता की जांच की जाए और जिनकी अवधि समाप्त हो चुकी है, उन्हें हटाकर योग्य व्यक्तियों की नियुक्ति की जाए। वहीं जिले के अनेक शासकीय शिक्षक स्वयं कोचिंग व निजी विद्यालय चला रहे हैं। छात्रों पर दबाव बनाकर उन्हें जबरन कोचिंग बुलाया जा रहा है। कई बार विद्यालय समय में ही कोचिंग चलने लगती है, जिससे शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। यह प्रवृत्ति छात्रों के हित में नहीं है और इस पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है। साथ ही जिले में कई निजी विद्यालय बिना आवश्यक मानकों को पूरा किए संचालित हो रहे हैं। योग्य शिक्षकों की कमी, बस सुविधा न होना, छात्रों को असुरक्षित ढंग से टैक्सी में ले जाना और पार्किंग की अव्यवस्था जैसी समस्याएँ आम हैं। परिषद ने मांग की कि समिति गठित कर इन विद्यालयों की जाँच की जाए और दोषी संस्थानों पर कार्रवाई हो। इसके अलावा विद्यालयी भूमि पर अतिक्रमण, शिक्षकों की अनुशासनहीनता आदि के बारे में बताया। वहीं ज्ञापन के अंत में जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने कहा कि यदि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इन समस्याओं पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई नहीं की, तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करेगा। इस मौके पर नगर कार्यकारिणी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 17 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**राष्ट्रीय किसान संगठन के नेतृत्व में पहुंचे थे किसान**

**गीत गाकर सुनाई प्रशासन को अपनी पीड़ा**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बारिश के कारण बर्बाद हो चुकी फसलों से टूटे हुए किसान बुधवार को राष्ट्रीय किसान संगठन के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर उन्होंने अपने कर्जा की समस्या बताने के साथ ही 17 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया। तो वहीं प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष अपना दुखड़ा गाकर सुनाया। बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे राष्ट्रीय किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार साहिर खान को ज्ञापन सौंपा। तो वहीं किसानों ने गाना गाकर अपना दुखड़ा सुनाया और कहा कि मौजूदा नीतियां खेती-किसानी के अनुकूल नहीं हैं। किसानों का आरोप है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के साथ धोखा है। जहां हजारों रुपये प्रीमियम चुकाने के बावजूद मुआवजे में सिर्फ पांच सौ से दो हजार रुपये ही मिलते हैं। कई किसानों को बीमा राशि भी नहीं मिली। ज्ञापन में किसानों ने फसल का वास्तविक सर्वे कर मुआवजा देने, ऋण माफी, ब्याज मुक्त कृषि ऋण, उपज की लागत से 50 प्रतिशत अधिक लाभकारी मूल्य, बारह घंटे मुफ्त बिजली और आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए बहुउद्देश्यीय गौशालाएं स्थापित करने जैसी मांगें रखीं। इसके अलावा किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर इन मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

### विधिक जागरुकता शिविर के माध्यम से बच्चों को दीं कानूनी जानकारियां

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व जिला न्यायाधीश उपदेश कुमार राठौर, सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में बुधवार को ड्रीम इंडिया स्कूल अशोकनगर एवं देविजा अकेडमी स्कूल, अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपस्थित बच्चों को मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य, विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी रहन-सहन पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण एवं जल संवर्धन आदि की जानकारी दी।

## एक नजर में




### जिला परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग

**अशोकनगर।** जिला परिवहन अधिकारी रंजना सिंह द्वारा जिले के ईसागढ़ तहसील के दीक्षा पब्लिक स्कूल में संचालित स्कूल की 5 बसों तथा गुरुकुल स्कूल ईसागढ़ मे संचालित स्कूल वाहनों तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान वाहनों में कमियां पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की जाकर स्कूल वाहनों से एवं अन्य वाहनों से राशि 14500 रूपये समझौता शुल्क के रूप में वसूली की गई। साथ ही तीन छोटे वाहनों को जब्त किया जाकर ईसागढ़ थाने में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। इसी प्रकार जिले की अन्य तहसीलों में भी वाहनों की चैकिंग निरन्तर जारी रहेगीं।



### कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को विकासखंड अशोकनगर के ग्राम डोगरा,सेमरा एवं बामोरा के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा बताया कि वर्षा से कुछ फसल मक्का की खराब हुई है जहां ज्यादा पानी भरा होने के कारण मक्का की फसल खराब हो गई है। ग्रामीण ने बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की समस्या बहुत ज्यादा रहती है। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि संबंधित ग्राम में जगह चिन्हित कर हेडपंप लगाए जाएं और जो हेडपंप खराब पड़े हैं उन्हें दुरुस्त कराया जाए। ग्रामीणों द्वारा ग्राम में विद्युत व्यवस्था, बरसात के मौसम में गांवों की सड़कों की हालत ठीक न होने पर उन्हें दुरुस्त कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने ग्राम सेमरा में ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए शिविर लगाए जाने के निर्देश भी दिए।

### कलेक्टर ने देर से स्कूल पहुंचने वाले शिक्षकों को थमाए नोटिस

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को विकासखंड अशोकनगर के ग्राम शेरापुरा के माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर का निरीक्षण किया। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर द्वारा शेरापुरा के माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 6,7 एवं 8 कक्षा के बच्चों की कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से पढाई से संबंधित जानकारी ली तथा खेल में रूची रखने वाले बच्चों को खेल गतिविधियों सें संबंधित प्रतियोगिता कराई जाएं। साथ ही बच्चों को खेल सामग्री भी उपलब्धं कराई जाए। साथ ही विद्यालय में बालक शैचालय की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। अतिथि शिक्षक द्वारा विद्यालय को व्यवस्थित रूप से संचालित करने एवं बच्चों को अच्छे से पढाने पर रामप्रसाद अहिरवार को सम्मानित किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही दो शिक्षक समय पर नही आने पर संबंधित को कारण बताओं नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की कक्षाओं में पहुंचकर बच्चो से पढाई से संबंधित जानकारी ली तथा खेल में रूची रखने वाले बच्चों को खेल गतिविधियों आयोजित कराई जाएं। साथ ही क्षतिग्रस्त विल्डिग को खाली कराकर उसे डिस्मेंटल कराई जाएं। साथ ही विद्यालय के खेल मैदान का सीमांकन कराकर उसकी बाउंड्रीबॉल बनवाई जाने के निर्देश दिये।

### संस्कृत भाषा हमारी सांस्कृतिक विरासत

**अशोकनगर।** संस्कृत भाषा दिवस के अवसर पर पीएमश्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी और सुनील अहिरवार उपस्थित हुए। तो वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रेनू राजेश ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ रघुवंशी ने संस्कृत भाषा के महत्व और इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत भाषा न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, बल्कि यह हमें जीवन के मूल्यों और आदर्शों को भी सिखाती है । वहीं उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा आज भी प्रासंगिक है और इसका अध्ययन करना

# कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

## मीनू अनुसार भोजन न देने पर एक समूह को हटाया, दो समूहों को थमाए नोटिस

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार विकासखंड अशोकनगर के ग्राम डोंगरा, सेमरा एवं बामोरा की आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र डोंगरा में पहुंचकर बच्चों की उपस्थिति पंजी, वजन पंजी, हाइट पंजी, पोषण आहार वितरण के संबंध में जानकारी ली तथा कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मीनू अनुसार एवं समय पर नाश्ता व भोजन नहीं देने पर एवं संबंधित सीडीपीओ तथा सुपरवाईजर द्वारा समय-समय पर निरीक्षण नहीं करने पर कारण बताओं सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र सेमरा का निरीक्षण किया। इस दौरान कम वजन वाले बच्चों का रजिस्टर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।



साथ ही कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। कम वजन के बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराये जाने के निर्देश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दिए। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी केन्द्र पर शारदा स्व सहायता समूह द्वारा बच्चों को मीनू अनुसार नाश्ता एवं भोजन नहीं देने पर शारदा स्व सहायता समूह को हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सेमरा के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पटवारी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नही किया जाता है। कलेक्टर द्वारा संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र बामोरा पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बामोरा के बच्चों द्वारा बताया गया कि 15 अगस्त को स्कूल में विशेष मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार नही मिला। साथ ही गुणवत्ता पूर्ण मध्यान्ह भोजन प्रदान नही करने पर श्री राधा स्व सहायता समूह के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों को विशेष भोजन नही देने पर बीएसी एवं सीएसी एवं शिक्षको को कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार आंगनवाडी केन्द्र फतेहपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजी, वजन पंजी, हाइट पंजी, पोषण आहार वितरण के संबंध में जानकारी ली तथा कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बच्चों का टीकाकरण, आंगनवाडी भवन में शौचालय एवं नल कनेक्शन कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। साथ ही बच्चों को मीनू अनुसार नाश्ता एवं भोजन नहीं देने पर स्व सहायता समूह को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये।




## संस्कृत भारती ने मनाया संस्कृत सप्ताह

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृत भारतीय के अध्यक्ष पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य नारायण मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि हरिचरण भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर प्रार्थना करने के बाद कार्यक्रम की रूपरेखा को आगे बढ़ाया गया। इसमें अध्यक्ष ने संस्कृत भाषा को जन-जन की भाषा बनाने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। संस्कृत भारती जिला अशोकनगर द्वारा पूरे वर्ष भर विभिन्न आयोजन टीम के द्वारा किए जातें रहें हैं, विशेष आयोजन संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत किए गए, आगामी समय में जिले के विभिन्न समाजों में एवं स्कूलों में संस्कृत भाषा का उपयोग हो,इसके लिए कार्य योजना बनाने कि बात कही गई। संस्कृत भारती जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मिश्रा, सचिव हरिचरण भार्गव, उपाध्यक्ष लखन शर्मा उपाध्याय, ईसागढ़ से अमित गोस्वामी जगदीश प्रसाद शर्मा, संदीप मिश्रा,लखन पाठक आदि के साथ अनेक अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी पंचायती राज के जनक : हरिबाबू

**पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित**

**कांग्रेसियों ने अस्पताल में किए फल वितरित**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तो वहीं अस्पताल में जाकर मरीजों को फल वितरित किए। नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जहां समस्त कांग्रेसियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यो के बारे में बताया। तो वहीं क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय ने कहा कि वह पंचायती राज के जनक, सूचना संचार क्रांति के जनक थे वह देश की एक महत्वपूर्ण धरोहर थे उनकी सूचना क्रांति के कारण ही देश में 80 प्रतिशत लोग सूचना क्रांति के माध्यम से सारे कार्य सफलता पूर्वक कर रहे हैं। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह ने बताया कि राजीव ने वोट डालने की उम्र को 21 से घटाकर 18 वर्ष किया था। इससे देश में युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी बड़ी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सचिन शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दशरथ रघुवंशी, गिरीश जैन, गोपाल कॉल,वाहिद पटैल, मुनिया खान, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सीमा सुराणा, दिलीप यादव, अशोक रजक, धर्मेंद्र बरखेड़ा, मनोज अहिरवार, मोतीलाल सुनरिया, बली सिंह, राजेश साहू, दिनेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, अमन महाराज, सुधीर शर्मा, राजकुमार लोधी, पवन पाल, सुनील जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




### पूर्व प्रधानमंत्री पर युवा कांग्रेस ने किये श्रद्धा सुमन अर्पित

**अशोकनगर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल रघुवंशी ने कहा कि आधुनिक युग के निर्माण में राजीव गांधी का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने देश में डिजिटल क्रांति का आगाज किया और देश का हर बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए नवोदय विद्यालय जैसे स्कूलों का निर्माण कराया। इस अवसर पर लोकसभा के प्रत्याशी रहे राव यादवेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सौरभ जैन, सैयद नूर अली,रजनीश सिंघई प्रिंस, देवेंद्र बैरागी, आयुष रघुवंशी, कान्हा शर्मा, विशाल दुबे, सिद्धार्थ पटवा, राज सिंघई , ज्योतिष जादौन , चिन्मय जैन, सार्थक जैन ,आदित्य रघुवंशी,गोलु रघुवंशी ,राहुल यादव,आवेश यादव सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

**निरीक्षण**

## मुस्लिम समाज ने पुलिस कर्मियों का किया सम्मान

# ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में मातमी धुनों पर निकले चेहल्लुम के ताजिये

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** शहीदाने कर्बला की याद में हैदरी कमेटी तपावावडी और दरबान कमेटी द्वारा चेहल्लुम के ताजिये मातमी धुनों पर निकालें गये।

मोहर्रम के चालीस दिनों बाद चेहल्लुम पर करीब दस ताजिए शहर चंदेरी में बनाए गए। जो कल रात्रि में चौक तपावावडी पर इकट्ठा हुए जहां सभी ताजियो का मिलाप हुआ। दो ताजिये खिड़की दरवाजे पर दरबान कमेटी ने बनाएं उनका भी आपस में मिलाप की रस्म अदायगी हुई। बुधवार दोपहर में फिर सभी ताजिये तपावावडी पर इकट्ठा हुए मिलाप की रस्म अदायगी के बाद सभी ताजिये नमक मंडी होते हुए गुमट मोहल्ले से दरबान कमेटी के दोनों ताजियों को अपने साथ लेकर शहर गुश्त पर निकले धुवयाना मोहल्ले मैदान गली होते हुए सदर बाजार में से राइन मौहल्ले से दिल्ली दरवाजा पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह लंगर और तबर्रुक वितरण किया गया। दिल्ली दरवाजा से सड़क मार्ग से दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत पर फात्हाखानी के बाद पुराने बस स्टैंड होते हुए निजामुद्दीन चौराहे पर लंगर तकसीम किया गया। जहां से सभी ताजिये कर्बला रामनगर रोड पर विसर्जन के लिए रवाना हुए। जहां ताजियों को विदाई दी गई। हैदरी कमेटी तपावावडी के अध्यक्ष शाकिर खान सगीर खान ने बताया कि आज दोपहर में ताजियों के मिलाप की रस्म अदायगी से पहले शहर चंदेरी के मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी चंदेरी के सदर एडवोकेट इदरीश खान पठान वकील, दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत उर्स कमेटी के सदर सैयद शाहनवाज हाशमी, सैयद काले शाह बाबा तपावावडी उर्स कमेटी के सदर बंटू विजय कोली का साफा पहनाकर कर इस्तकबाल किया गया



पुलिस महकमे का भी स्वागत किया मुस्लिम समाज चंदेरी ने: पिछले दिनों चंदेरी थाने के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शैलेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक मनीष सिंह जादौन के नेतृत्व में चोरी की 15 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जिसमें पुलिस महकमे को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। दो आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है इनकी अथक मेहनत और अदम्य साहस के लिए मुस्लिम समाज चंदेरी ने ताजियों पर चौक तपावावडी पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शैलेंद्र शर्मा, नगर निरीक्षक मनीष सिंह जादौन को उनकी शानदार उपलब्धि पर साफा बांधकर सम्मानित किया। साथ ही टीम के नीलम सिंह यादव एसआर सतीश वर्मा आर गजेंद्र सिंह, योगेन्द्र रघुवंशी को भी साफा बांध कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा और नगर निरीक्षक मनीष सिंह जादौन ने कहा कि पुलिस और जनसामान्य के बीच सामंजस्य स्थापित हमेशा रहना चाहिए। पुलिस और आम जन आपस में एक सेतु का काम करते रहते हैं आप लोगों के सहयोग से ही हम अपना कर्तव्य पूरा कर पाते हैं।